ASIAN AMERICAN LEGAL DEFENSE AND EDUCATION FUND
99 HUDSON STREET, 12 FL • NEW YORK. NY 10013 • TEL 212.966.5932 • FAX 212.966.4303 • INFO@AALDEF.ORG

2010 की जनगणना के बारे में आपको क्या जानना चाहिए

अगस्त 2009

- प्रत्येक 10 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने वाली, जनगणना, ऐसे आंकड़े उपलब्ध कराती है, जिनका उपयोग एशियाई अमेरिकी समुदाय को प्रभावित करने वाली विविध नीतियों को लागू करने में होता है, इसमें शामिल हैं:
  - संघीय कोष में राज्यों और समुदायों को सामाजिक सेवाओं जैसे कि ESL कक्षाएं, नौकरी प्रशिक्षण तथा विश्लेषणात्मक सेवाओं के लिए 300 अरब डॉलर से अधिक का निर्धारण;
  - शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास सुविधाएं, आप्रवासन, ऋण सुविधाएं और मतदान आदि से संबंधित नागरिक अधिकारों के कानूनों का सशक्तीकरण;
  - दुभाषी मतों की उपलब्धता;
  - राज्यों में कांग्रेस की सीटों का वितरण और जातीय तथा सांस्कृतिक अल्पसंख्यक समुदायों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का निर्धारण।
- जनगणना में आप द्वारा दी जाने वाली जानकारी, पूरी तरह से गोपनीय होती है। नियमों के तहत, आपकी निजी जानकारियां, USCIS, ICE, IRS, पुलिस, भवन स्वामियों या पड़ोसियों आदि को नहीं उपलब्ध करायी जा सकती हैं।
- 2010 दशकीय जनगणना प्रश्नमाला आपसे कुछ आसान से प्रश्न पूछती है – नाम, संबंध, लिंग, आयु और जन्मतिथि, जाति और आपका अपना घर है या आप किराये के मकान में रहते हैं। लेकिन कुछ अन्य चुनिंदा जनगणना प्रश्नमालाएं (अमेरिकन कम्युनिटी सर्वेक्षण), नागरिकता, आमदनी, मूल जन्मस्थल और अंग्रेजी क्षमता के बारे में भी पूछती है। जनगणना में कभी भी आप्रवासन स्थिति के बारे में नहीं पूछा जाता।
- फरवरी और मार्च 2010 के मध्य आपको डाक के ज़रिए जनगणना प्रश्नमाला प्राप्त हो जानी चाहिए। इसे यथासंभव सही–सही भरें और वापस प्रेषित करें। डाक शुल्क प्री–पेड है। यदि आपको प्रश्नावली प्राप्त नहीं होती है, तो आप चुनिंदा सामुदायिक स्थलों से 'बी काउंटेड' फार्म प्राप्त कर सकते हैं।
- अप्रैल और जुलाई 2010 के मध्य, जनसंख्या गणनाकर ("एन्युमेरेटर") आपके क्षेत्र में भी घर–घर जनगणना कार्य करने और घरों को गिनने जाएंगे। इस प्रक्रिया में निम्न शामिल हैं:
  - प्रथम, जनसंख्या गणनाकर उन घरों में जाएंगे, जहां से जनगणना फार्म डाक द्वारा वापस नहीं लौटाए गए हैं। यदि उनको उस घर में किसी से कोई जानकारी नहीं मिल सकी, तो वे पास–पड़ोस के घरों में सम्पर्क करेंगे।
  - द्वितीय, जनसंख्या गणनाकर उन घरों में जाएंगे, जिन घरों से फार्म वापस भेज दिए गए हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जायेगा कि फार्म सही तरह से पूर्ण किया गया है।
  - तृतीय, जनसंख्या गणनाकर उन व्यक्तियों द्वारा दी गयी जानकारियों की जांच करेंगे, जिन्होंने आस–पास के किसी क्षेत्र से "बी काउंटेड" फार्म प्राप्त करके भरकर भेजा है।
- जनसंख्या गणनाकर किसी घर में एक से अधिक बार भी आ सकते हैं। कृपया उनको सहयोग दें और उनके प्रश्नों के उत्तर दें। इससे सही गणना सुनिश्चित होगी।

- यदि आप अंग्रेजी नहीं समझते, तो भी आपकी गणना की जायेगी!
    - टेलीफोन प्रश्नावली सहायता (TQA) केन्द्र को फोन करें। यह केन्द्र 25 फरवरी, 2010 से 30 जुलाई, 2010 तक लगातार खुला रहेगा। यह फोन नम्बर 1–866–872–6868 है। इस केन्द्र पर आपको आपकी भाषा में बात कर सकने वाले लोग उपलब्ध होंगे।
        - आप टेलीफोन के ज़रिए इस फार्म को भर सकते हैं और जनगणना प्रतिनिधि आपको अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर भी दे सकते हैं।
        - आप चीनी, कोरियाई, वियतनामी, स्पेनिश या रूसी भाषा में प्रश्नावली की कागजी प्रति के लिए अनुरोध कर सकते हैं।
        - अंतिम रूप से, यदि आपको उपरोक्त सूचीबद्ध भाषाओं के अलावा किसी अन्य भाषा में मदद की जरूरत है, तो आप भाषा सहायक निर्देशिका के लिए अनुरोध कर सकते हैं।
    - अपने स्थानीय जनगणना कार्यालय से सम्पर्क करें और आपके घर आ सकने वाले जनगणना करने वाले ऐसे व्यक्ति के लिए अनुरोध करें जो आपकी भाषा में बात कर सके। ये टेलीफोन नम्बर उपलब्ध होते ही शीघ्र उपलब्ध कराए जायेंगे।
- अगर आप अपने घर आये व्यक्ति को जनगणना कार्य करने वाले व्यक्ति के रूप में निश्चित नहीं कर पा रहे हैं तो
    - उससे अपना "जनसंख्या गणनाकर" बैज दिखाने को कहें, जो संघीय सरकार द्वारा जारी किया गया हो। जनगणना करने वाले अपने साथ अपने नाम का एक काला बैग भी रखेंगे, जिस पर बड़े अक्षरों में "जनगणना 2010" ("Census 2010") छपा हुआ होगा।
    - अगर आप अभी भी सशंकित हैं, तो आप यह जानने के लिये, कि आया हुआ व्यक्ति अमेरिकी जनगणना ब्यूरो में नियोजित है या नहीं, आप क्षेत्रीय जनगणना केन्द्र पर फोन कर सकते हैं।

- यदि कोई जनगणना कर्ता अनुचित व्यवहार करता है या आपकी निजी जानकारियों को उद्घाटित करने पर जोर देता है, तो तत्काल AALDEF को 212–966–5932 पर फोन करें। AALDEF विभिन्न राज्यों में जनगणना ब्यूरो की गतिविधियों का पर्यवेक्षण करता है। हम किसी भी अनुचित व्यवहार या निजी सूचनाओं की मांग की घटनाओं की रिपोर्ट करेंगे। AALDEF के वकील, आपकी निजता को सुरक्षित बनाते हैं, खासकर तब, जब आपके पास आप्रवासन के दस्तावेज नहीं हों।

इस जोखिम के साथ, एशियाई अमेरिकी समुदाय की सटीक गणना बहुत महत्वपूर्ण है!

जनगणना में भाग लें!

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

Asian American Legal Defense & Education Fund (AALDEF)
99 Hudson Street, 12th Floor ▪ New York, NY 10013
800.966.5946 ▪ info@aaldef.org ▪ www.aaldef.org

© 2009 – Census Fact Sheet - Hindi